## एक नजर

### गेंहू चोरी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**ओरछी, अमृत विचार :** फैजगंज बेहटा पुलिस ने सोमवार को गांव कनुआखेड़ा निवासी नत्थू सिंह पुत्र कलक्टर सिंह और उसके बेटे राजेश को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के पांच बोरी में लगभग दो कुंतल गेहूं बरामद किए हैं। उनके गांव निवासी पुष्पेंद्र पुत्र मोहन सिंह ने चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने पकड़े गए दोनों आरोपियों को जेल भजा है।

### राशन विक्रेताओं की शिकायत मुख्यमंत्री से की

**उझानी, अमृत विचार :** आजाद समाज सेवा संगठन ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में कहा कि कस्बे से लेकर गांवों तक में बैठे राशन माफिया कार्डधारकों को लूट रहे हैं। हर यूनिट पर एक किलो कम राशन दे रहे हैं। विरोध करने पर मारपीट पर आमादा हो जाते हैं।आजाद समाज सेवा संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सिप्पटर सिंह सोलंकी का कहना है कई राशन डीलरों ने फर्जी नामों से राशन कार्ड बना लिए हैं उनकी जांच की जाए और दोषी राशन विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही की जाए। कस्बा से लेकर देहात तक में यह फर्जीवाड़ा चल रहा है।

# बाढ़ का सितमः सड़कें कटीं, नाव से हो रहा आवागमन

## तटवर्ती गांवों में घुसा गंगा का पानी, कछला में गंगा खतरे के निशान से ऊपर, प्रशासन अलर्ट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** पहाड़ों का पानी मैदानी इलाकों में तबाही मचा रहा है। तटवर्ती गांवों के लोग बाढ़ की चपेट में आ चुके हैं। चारो ओर पानी भरा होने से नाव का सहारा लिया जा रहा है। कछला गंगा में पानी खतरे के निशान के 41 सेमी ऊपर बह रहा है। आधा दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में होने से जिला प्रशासन ने पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।



नाव में मोटरसाइकिल रख कर गंगा पार करता ग्रामीण। ● अमृत विचार

पिछले कई दिन से नरौरा बैराज से सवा लाख क्यूसेक से अधिक पानी गंगा नदी में छोड़ जा रहा है जिससे कछला गंगा और रामगंगा में उफान आ गया है। कई गांव टापू बन गए हैं। दातागंज इलाके में ग्रामीण नाव का सहारा लेकर निकल रहे हैं। सोमवार को नरौरा से एक लाख 42 हजार क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया गया। यह पानी मैदानी इलाके में उफान मार रहा है। कछला गंगा में पानी की धार डराने वाली है। आस-पास के लोगों को हटा दिया गया है। स्नान करने वालों को भी मात्र एक दो स्थान पर जाने दिया जा रहा है। खतरा भांपते हुए पुलिस को भी गंगा घाट पर तैनात कर दिया गया है।

उधर उसहैत इलाके में गंगा का पानी तीन दिन से तबाही मचा रहा है। बांध से टकरा कर पानी कई गांवों तक पहुंच रहा है जिससे ग्रामीण गांवों से बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। जटा गांव के लोगों ने बाढ़ से निपटने को फिर ऊंचे स्थानों पर शरण ली है। जटा और असमिया रफतपुर में गंगा का पानी पहुंच गया है। गंगा की धार ने तेजी से इन गांवों को निशाना बनाना शुरू कर दिया है। उसावा का पथरामई बांध सुरक्षित है लेकिन संवेदनशील स्थिति में होने के कारण बाढ़ खंड ने इसकी निगरानी बढ़ा दी है।

दातागंज क्षेत्र में रामगंगा उफान पर है जिससे आस पास के दर्जनों गांवों में खलबली मची हुई है। इस क्षेत्र के आधा गांव बाढ़ की चपेट में हैं। आधा दर्जनों गांव का संपर्क तहसील और जिला मुख्यालय से टूट चुका है। बाढ़ प्रभावित गांवों में सड़कों पर भी नाव चल रही हैं। सड़कें कट चुकी हैं। संपर्क मार्ग ध्वस्त हो गये हैं दो दिन से पानी की धार ने ग्रामीणों का जीवन मुश्किल में डाल दिया है। नगरिया खनु और शंभू नगला के लोग गांव से बाहर आने जाने को नाव का सहारा ले रहे हैं। किसी गांव को जाने के लिए रास्ता नहीं बचा है। कई रोड कट चुके हैं। तहसील प्रशासन ने बाढ़ ग्रस्त इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने के निर्देश दिए हैं।

ऐसे हालत में किसानों के पशु भी बीमार पड़ रहे हैं उन्हे इलाज नहीं मिल रहा है। स्वास्थ्य सेवाएं भी बदहाल हैं।लोग घरों में बीमार हैं। उन्हे देखने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम भी नहीं पहुंच रही है। रामगंगा में जल स्तर बढ़ने से नगरिया खन्नू , हर्रामपुर, हजरतपुर, गढ़िया रंगीन को जोड़ने वाली सड़कों के ऊपर पानी वह रहा है । ग्रामीण आवागमन के लिए नावों व ट्रैक्टर का सहारा ले रहे हैं। दर्जन भर गांव जलमग्न हो चुके हैं। बाढ़ के हालात से निपटने को जिला प्रशासन ने अलर्ट जारी किया है। बाढ़ खंड के अधिकारी उसहैत और दातागंज क्षेत्र में स्थिति पर नज़र बनाए हुए हैं।

### महावा नदी विकराल रूप धारण कर चुकी

सहसवान इलाके में महावा नदी विकराल रूप धारण कर चुकी है। इस क्षेत्र के आधा दर्जन गांव बाढ़ की चपेट में है। नरौरा से आने वाला पानी सबसे पहले महावा नदी में ही आकर गिरता है जिससे सहसवान के कई गांवों को परेशानी पैदा हो जाती है। इस इलाके में सहसवान तहसील प्रशासन ने सुरक्षा के इंतजाम करने के निर्देश दिए हैं।

नरौरा बैराज से अब पानी कुछ कम होने लगा है। संभावना है कि अगले दो दिन में पानी एक लाख क्यूसेक से नीचे आ जाएगा जो गंगा में आराम से पास हो जाएगा। इस समय उसहैत के कुछ गांवों में पानी पहुंच गया है जबकि दातागंज इलाके के कई गांवों की सड़कें कट चुकी हैं। उस क्षेत्र में तहसील प्रशासन द्वारा नाव की व्यवस्था कराई गई है। अब दो दिन में स्थिति फिर सामान्य होने की उम्मीद है।

**– नेशपाल**, सहायक अभियंता, बाढ़ खंड

# छत पर सोते रहे घरवाले नगदी-जेवर समेट ले गए चोर



चोरी के बाद खुले बक्से और फैला सामान। ● अमृत विचार

संवाददाता, मुजरिया

- **रविवार रात चोरों ने मुजरिया क्षेत्र के गांव कौल्हाई निवासी हरप्रसाद के घर को बनाया निशाना**

**अमृत विचार :** गर्मी के चलते एक परिवार घर की छत पर सो रहा था। रात में चोरों ने घर पर हाथ साफ कर लिया। नगदी समेत लगभग ढाई-तीन लाख के जेवर चोरी करके ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना किया।

थाना मुजरिया क्षेत्र में गांव कौल्हाई निवासी हरप्रसाद पुत्र कल्याण का परिवार रविवार रात गर्मी ज्यादा होने की वजह से छत पर सोया था। रात में चोर घर में घुस गए। कमरे में रखे बक्सों का ताला तोड़ दिया और एक लाख 15 हजार रुपये नगद, तीन जोड़ी तोड़ियां, पाजेब, सोने के कुंडल, लौंग, कंगल, कमरबंद, बिछुआ आदि लगभग ढाई से तीन लाख रुपये के जेवर चोरी करके ले गए। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची। हरप्रसाद ने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नी ने दिल्ली से रुपये भेजे थे। बैंक का अवकाश होने की वजह से रुपये घर में रखे थे। एक महीने में मुजरिया थाना क्षेत्र में सिलारपुर के मंदिर से पीतल के दर्जनों घंटे, दो गांवों से भैंस चोरी हो चुकी हैं। थानाध्यक्ष आरती कौशिक ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा किया जाएगा।

# मछली के बीज के लिए हैचरी बनाने को मत्स्य विभाग नहीं तलाश सका जमीन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **मछली पालन करने वाले लोग भी नहीं दिखा रहे रुचि**
- **मछली पालन के लिए दूसरे जनपदों से लेकर आते हैं बीज**

**अमृत विचारः** जिले के मत्स्य पालक दूसरे जिलों से मछली का बीज लाते हैं। उनकी समस्या दूर करने के लिए जिले में 25 लाख रुपये से हैचरी का निर्माण होना है। लक्ष्य को मिले एक साल से अधिक का समय बीत चुका है। लेकिन हैचरी निर्माण के लिए अभी तक जमीन चिन्हित नहीं हो सकी है।

जिले में करीब एक हजार तालाबों में मछली का पालन हो रहा है। एक हजार के करीब मछली पालक रोहू, कतला, नैन सहित मांगूर आदि का पालन करते हैं। दूसरे जनपदों पर बीज की निर्भरता को समाप्त करने के लिए एक हेक्टेयर भूमि पर तालाब की खोदाई कर हैचरी का निर्माण किया जाना है। 25 लाख रुपये की लागत से तैयार होने वाली हैचरी के निर्माण के लिए ओबीसी और सामान्य जाति के इच्छुक मत्स्य पालक को 40 प्रतिशत, अनुसूचित जाति के लिए और सभी वर्ग की महिलाओं को 60 प्रतिशत तक अनुदान देने की योजना है। एक साल बाद भी किसी किसान ने इस योजना के प्रति रुचि नहीं दिखाई है।

### धनराशि अधिक होने पर किसान नहीं दिखा रहे रुचि

हैचरी का निर्माण 25 लाख रुपए की लागत से होगा। किसान को अपने खेत में ही तालाब की खोदाई करानी होगी। पहले सारा खर्च किसान को ही करना होगा। योजना का लाभ किसान को डीबीटी के माध्यम से मिलेगा। अनुदान बाद में मिलने की वजह से एक भी किसान आगे नहीं आ रहा है।

बड़ा प्रोजेक्ट होने की वजह से कोई किसान आगे नहीं आ रहा है। धनराशि किसान को ही खर्च करनी है। बाद में अनुदान डीबीटी के माध्यम से मिलेगा। धनराशि अधिक होने की वजह से किसान पीछे हट जाते हैं।जल्द ही कोशिश कर हैचरी का निर्माण किया जाएगा।

**–अमित कुमार**, जिला मत्स्य अधिकारी

# शांतिपूर्ण ढंग से निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

संवाददाता, बिसौली

**अमृत विचार :** नगर में सोमवार दोपहर चेहल्लुम का जुलूस शांति पूर्वक निकाला गया। ताजिये नगर के मोहल्ला कौआ टोला, पठान टोला, सराय मार्केट, गदरपुरा, नई बस्ती से होते हुए निकाले। इस दौरान जगह-जगह लंगर का आयोजन किया गया। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पुलिस बल तैनात रहा। जुलूस में महशर, शाकिर, फुरकान, अजीम, आसिफ समर, इमरान, मकशूद आदि शामिल रहे।



नगर में ताजिए निकालते लोग। ● अमृत विचार

उसहैत कस्बे में चेहल्लुम का परंपरागत जुलूस अपने निर्धारित मार्ग से होकर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निकाला गया। इस दौरान मेले का आयोजन भी किया गया। एसओ विवेक कुमार सिंह पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। इस मौके पर परवेज अली, शाहनवाज, आशू,असद खान टिंकू, गरीब भैया, अख्तर मास्टर, सैयद आसिम अली, सैयद असगर अली आदि का सहयोग रहा ।

# गर्भ में थे जुड़वां बच्चे, प्रसव के दौरान महिला की मौत, पुलिस कर रही जांच

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



मृतका पिंकी।

- **कुंवरगांव क्षेत्र के गांव लाही फरीदपुर में सोमवीर की गर्भवती पत्नी पिंकी की हुई मौत**

**अमृत विचार :** प्रसव पीड़ा होने पर गर्भवती को उसके परिजन बिनावर के निजी अस्पताल ले गए। जहां प्रसव के दौरान महिला की मौत हो गई। महिला के गर्भ में जुड़वा बच्चे थे। परिजनों ने अस्पताल की महिला चिकित्सक को झोलाछाप बताते लापरवाही का आरोप लगाया।

बदायूं के थाना कुंवरगांव क्षेत्र के गांव लाही फरीदपुर निवासी सोमवीर की पत्नी पिंकी (22) गर्भवती थीं। अल्ट्रासाउंड कराया तो पता चला कि गर्भ में जुड़वा बच्चे हैं। रविवार को पिंकी को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजन उसे जिला महिला अस्पताल ले गए । चिकित्सक ने उसकी हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया तो मायका पक्ष उसे बिनावर के निजी अस्पताल ले गया। जहां महिला चिकित्सक ने पिंकी को प्रसव के लिए भर्ती कर लिया।

कुछ देर बाद पिंकी हालत गंभीर बताते हुए रेफर कर दिया। परिजन उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज ले गए जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। मौत के बाद परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों ने कहा कि निजी अस्पताल में बैठने वाली महिला चिकित्सक के पास डिग्री नहीं है। वह झोलाछाप है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### पीएचसी पर प्रसव के बाद शिशु की मौत

**उसहैत, अमृत विचार :** उसहैत क्षेत्र के गांव टिकरा बछेली निवासी जीसुखलाल की बेटी तेरवती को प्रसव पीड़ा होने पर रविवार को उसहैत के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास बने प्रसव केंद्र पर लाया गया था। जहां महिला ने बच्चे को जन्म दिया। कुछ ही देर के बाद नवजात की मौत हो गई। परिजन बिना पुलिस को सूचना दिए शिशु का शव साथ ले गए। महिला की ससुराल थाना मूसाझाग क्षेत्र के गांव मैरी बजरी में है।

# दातागंज मार्ग पर गुलड़िया के पास मिला युवक का शव

**विजय नगला, अमृत विचार :** थाना मूसाझाग क्षेत्र में दातागंज मार्ग पर एक युवक का शव मिला। जो आधा कटा हुआ था। पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया लेकिन कुछ पता नहीं चला।

दातागंज मार्ग पर नगर पंचायत गुलड़िया की साप्ताहिक बाजार लगती है। सोमवार सुबह एक युवक का शव सड़क किनारे पड़ा मिला। जो आधा कटा हुआ था। मूसाझाग पुलिस मौके पर पहुंची। आसपास के गांवों के लोगों से युवक के बारे में जानकारी की लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने शव को मोर्चरी में रखवाया है। युवक आसपास के थाना क्षेत्र में युवक का फोटो भेजकर शिनाख्त की कोशिश चल रही है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि युवक का शव मिला था। जिसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव मोर्चरी में रखवा दिया है।

# सरकार का जनता के साथ छलावा अब हो रहा जाहिर



नाधी गौटिया में ग्रामीण चौपाल में समस्याएं सुनते जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह।

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- **कांग्रेस सेवादल के संस्थापक नारायण सुब्बाराव हार्डिकर को पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि**

**अमृत विचार :** कांग्रेस कार्यालय पर सोमवार को कांग्रेस सेवादल के संस्थापक डॉ. नारायण सुब्बाराव हार्डिकर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी।

जगत ब्लॉक के ग्राम नाधी गौटिया में कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड द्वारा ग्रामीण चौपाल में समस्याएं सुनी गईं। जिला अध्यक्ष ओंकार सिंह ने कहा भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी कर सरकार में आयी है । आमजन के साथ किया गया छल अब जगजाहिर है। प्रदेश कांग्रेस सहसचिव बाबू चौधरी एवं जिला उपाध्यक्ष वीरेश तोमर ने भी विचार व्यक्त किये। संचालन सलमान गाजी ने किया। शफी अहमद, जगदीश सागर, सलीम, यूनिस, मोहम्मद नाजिर, रियासत, मुस्लिम, पुत्तन, नन्हे लाल जाटव, रोहित सागर, शाहरुद्दीन, अमनुद्दीन, बबलू, एहसान, आकिब, आले नबी, शान मोहम्मद, आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# खेत पर कब्जा हटवाने में नाकाम राजस्व विभाग

**बदायूं, अमृत विचारः** थाना उझानी क्षेत्र के गांव बसंत नगर निवासी जयपाल सिंह और राजपाल का कहना है कि गांव कुरऊ में सड़क किनारे खेत गाटा संख्या 431 है। जिस पर गांव के कुछ लोगों का कब्जा है। दूसरे गाटा संख्या 27 भूमि पर गांव बसंत नगर निवासी कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर दुकानों का निर्माण कराया जा रहा है।

कहा कि कब्जा हटवाने के लिए तहसीलदार, एसएीएम को शिकायती पत्र सौंपा था। सुनवाई न होने पर तहसील दिवस में डीएम से शिकायत की। डीएम द्वारा भी राजस्व विभाग के अधिकारियों को जांच कर कब्जा हटवाने के आदेश दिए गए। परंतु आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका। पीड़ित ने आईजीआरएस के माध्यम से मुख्यमंत्री से शिकायत कर समस्या का समाधान करने की गुहार लगाई है।

# कुंवरगांव के दो गांवों में छह किसानों के ट्यूबवेल से चोरी

संवाददाता, कुंवरगांव

**अमृत विचार :** कुंवरगांव थाना क्षेत्र में ट्यूबवैल से चोरियों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। रविवार रात भी चोरों ने छह किसानों के ट्यूबवैल को निशाना बनाया। दीवार काटकर चोरी कर ली।

रविवार रात चोरों ने गांव बल्लिया निवासी किसान नरेंद्र सिंह, अतर सिंह, राजाराम, नेमचंद्र, मदन लाल के निजी ट्यूबवैल को निशाना बनाया। ट्यूबवैल से स्टार्टर, पाइप व अन्य इलेक्ट्रनिक सामान चोरी करके ले गए। वहीं बनगवां निवासी मुकेश के मेंथा प्लांट पर लगा एंटिलेटर भी चोरी कर लिया गया। चोरी की जानकारी होने पर किसानों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची। आरोप है कि किसानों ने मौके पर जांच के लिए पहुंचे हल्का इंचार्ज को तहरीर दी लेकिन उन्होंने तहरीर लेने से मना कर दिया। क्षेत्र में लगातार चोरी होने से किसान परेशान हैं। उनकी फसल की सिंचाई ठप है। किसानों का कहना है कि एक स्टार्टर दो से तीन हजार रुपये का मिलता है। जिसे चोरी कर लिया जाता है। पुलिस भी तहरीर लेकर खुलासे से पल्ला झाड़ लेती है। थानाध्यक्ष रामेंद्र सिंह ने बताया कि चोरी का मामला पुराना है। जांच की जा रही है।

### बेटी को ले गया युवक परिजनों ने ढूंढ निकाला

**मुजरिया ,अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के एक गांव निवासी ने बताया कि उनका परिवार दूसरे राज्य में मजदूरी करता है। रक्षाबंधन पर परिवार गांव आया उनके साथ मजदूरी करने वाला लड़का भी आया था जो उनकी बेटी को ले गया। पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। उन्होंने अपनी बेटी और उसे ले जाने वाले लड़के को पकड़ लिया। लड़के को पुलिस के सुपुर्द किया लेकिन आरोप है कि पुलिस ने उन्हें ही धमकाया।

### अरशद अल्वी सदस्यता अभियान के सह प्रमुख नियुक्त



**बदायूं,अमृत विचार :** भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष कुंवर बासित अली ने प्रदेश मंत्री अरशद अल्वी को सदस्यता अभियान ब्रज क्षेत्र का सह–प्रमुख नियुक्त किया है ।अरशद अल्वी ने कहा सदस्यता अभियान का प्रथम चरण एक से 25 सितम्बर तक चलेगा। वर्तमान में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की प्राथमिक सदस्यता शून्य कर दी गई है। अब सभी को भारतीय जनता पार्टी का पुनः सदस्य बनना होगा। प्रत्येक बूथ पर 200 लोगों की सदस्यता का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिले के 2575 बूथों पर पांच लाख 15 हजार सदस्य बनाए जाएंगे। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा देश भर में सदस्यता अभियान चलाएगा। प्रदेश सदस्यता कार्यशाला 29 अगस्त को कैसरबाग मे आयोजित होगी।

### जिला अस्पताल से स्टाफ के मोबाइल चोरी



**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल में चोर दिन में बाइकों को निशाना बनाते हैं और रात में स्टाफ, मरीज और तीमारदारों के मोबाइल पर हाथ साफ करते हैं। रविवार रात एक चोर ने अस्पताल की पुरानी इमरजेंसी वार्ड के स्टाफ रूम मेंस्टाफ के मोबाइल फोन चोरी कर लिए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पुलिस ने चोर की पहचान कर ली है। उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### आरएसएस पर आपत्तिजनक पोस्ट, धमकाया

**बदायूं, अमृत विचार :** सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चौबे निवासी पंडित अमन मयंक शर्मा ने एसएसपी से शिकायत की कि वह भाजपा बूथ अध्यक्ष और ब्राह्मण क्रांति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री के साथ आरएसएस के कार्यकर्ता हैं। उनकी फेसबुक पर प्रवीण कुमार की आइडी से पोस्ट आई जिसमें आरएसएस के लिए आपत्तिजनक टिप्पणी की गई थी। उन्होंने ऐतराज जताया तो उस व्यक्ति ने फोन करके गाली–गलौज की और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। पांच लाख रुपयों की रंगदारी मांगी। अमन ने प्रवीण कुमार के अलावा उसके साथी सुमित कुमार, दीपक दीवान व अज्ञात के खिलाफ शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर सदर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### नागर जूना बिजली घर के जेई को दी विदाई



**बेहटा गोसाई,अमृत विचार :** ग्राम नागर जूना के बिजली घर पर तैनात जेई धर्मात्मा कुमार का ट्रांसफर कर दिया गया। उनके स्थानांतरण पर सहकर्मियों व ग्रामीणों ने विदाई समारोह आयोजित कर उन्हें विदाई दी। पंकज, सूरज, वीरपाल यादव, बदन सिंह, बलि मोहमद, रामू, जाहिद, पंडित अंकित शर्मा व मीटर रीडर पुर्णेश गुप्ता, धर्मेंद्र कुमार आलोक शिवम मौजूद रहे।

# 18 घंटे लॉकअप में रखा, 22 हजार रुपये कराए ट्रांसफर

- **गांव रिजौला निवासी राजपाल सिंह ने पुलिस पर आरोप लगाकर की एसएसपी से शिकायत**

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना उसहैत क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस पर 18 घंटे लॉकअप में बंद करने का आरोप लगाते हुए एसएसपी से शिकायत की है। कहा कि लॉकअप में बंद रखने के दौरान पुलिस ने खाने-पीने को कुछ नहीं दिया। प्रताड़ित करके उससे 22 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए।

गांव रिजौला निवासी राजपाल सिंह पुत्र हाकिम सिंह ने एसएसपी को शिकायत पत्र दिया कि 23 अगस्त शाम लगभग 8 बजे उनके पड़ोसी पिंकी और सुरजीत के बीच बाइक को लेकर झगड़ा हो गया था। डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची थी। पुलिस धीरेंद्र और विजय को पकड़कर थाने ले गई। पड़ोसी होने की वजह से वह फैसला कराने थाने पहुंचा। पुलिस ने दोनों पड़ोसियों के साथ उसे भी लॉकअप में बंद कर दिया। 18 घंटे तक बंद रखा जबकि उसका विवाद से कोई लेना देना नहीं था। लॉकअप में पुलिस ने कुछ खाने-पीने को नहीं दिया। उनके परिजनों को भी सूचना नहीं दी। आरोप है कि पुलिस ने प्रताड़ित करते हुए 22 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करा लिए। दोनों पक्ष का फैसला करा दिया। थानाध्यक्ष विवेक कुमार ने बताया कि पुलिस भर्ती परीक्षा की ड्यूटी में गए थे। घटना की जानकारी की जाएगी।

**बेहाल कर्मचारी** राजकीय मेडिकल कालेज में काली पट्टी बांध कर काम कर रहे कर्मचारी, हड़ताल की चेतावनी

# आउटसोर्सिंग कर्मियों को चार महीने से नहीं मिला वेतन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में करीब साढ़े तीन सौ आउटसोर्सिंग कर्मचारियों को चार महीने से मानदेय नहीं मिला है। जिससे कर्मचारी विरोध जता रहे हैं, और काली पट्टी बांध कर काम कर रहे हैं। गंभीर मरीजों को बाहर को रेफर किया जा रहा है।

राजकीय मेडिकल कॉलेज में करीब साढ़े तीन सौ आउटसोर्सिंग कर्मचारी हैं जो एक कंपनी की ओर से रखे गए हैं। इन कर्मियों को चार महीने से मानदेय नहीं मिला है। तीन दिन से संविदा कर्मचारी काम तो कर रहे हैं लेकिन काली पट्टी बांध कर। संविदा कर्मियों में वार्ड ब्यॉय, नर्स, बाबू, और सफाई कर्मचारी शामिल हैं। इन कर्मचारियों ने सोमवार को बताया कि एक सप्ताह से मानदेय की मांग की जा रही है। उनके परिवार भुखमरी के कगार हैं। रक्षाबंधन, 15 अगस्त और जन्माष्टमी भी हो गयी फिर भी उन लोगों को मानदेय नहीं दिया गया है।





राजकीय मेडिकल कॉलेज।

आउटसोर्सिंग कर्मचारियों ने कंपनी संचालक को भी पत्र द्वारा मानदेय की मांग की है मगर वहां से कोई जवाब नहीं दिया गया। महिला स्टाफ का कहना है कि यदि मानदेय नहीं दिया जाएगा तो वे लोग काम बंद कर धरने पर बैठ जाएंगे। किसी को काम भी नहीं करने देंगे।

### सरकार से नहीं मिला पैसा

एमएन इंडस्ट्रीज कंपनी द्वारा मेडिकल कालेज में करीब साढ़े तीन सौ से अधिक आउटसोर्सिंग कर्मचारी रखे गए हैं। कंपनी संचालक का कहना है कि उसे सरकार से पैसा नहीं मिला है । एक महीने का करीब 35 लाख रुपए मानदेय बनता है। चार महीने से कर्मचारी मानदेय की मांग कर रहे हैं ।

### प्राचार्य ने शासन को नौ बार लिखे पत्र

राजकीय मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. एनसी प्रजापति ने बताया कि चार महीने में करीब नौ बार शासन को पत्र लिखा है लेकिन कोई जवाब नहीं दिया जा रहा है। एक सप्ताह से कर्मचारी विरोध कर रहे हैं। विरोध के बाद भी कर्मचारी किसी तरह काम कर रहे हैं। यदि इसी तरह परेशान किया जाता रहा तो परेशानी पैदा होगी। आउटसोर्सिंग कर्मचारी गुस्से में हैं। एक बार फिर शासन को पत्र लिखा जाएगा और स्थिति से अवगत कराया जाएगा।

AIRCOL MULTI SERVICES & TOTAL SOLUTIONS PVT. LTD.
Near Balaji Gym Lalfatak Budaun Road, Bareilly (U.P)- 243001
Mob.: 8006051051/7252999309 CARE@AIRCOL.IN/SUPPORT@AIRCOL.IN
GSTIN: 09AAVCA4744K1ZZ , PAN NO : AAVCA4744K | WEBSITE VISIT : WWW.AIRCOL.IN
BEST PRICE & BEST SERVICE

| | NEW FIRM OFFER | |
|---|---|---|
| 1- | PROPRIETORSHIP FIRM REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 2- | (ALL TYPE FIRM) GST REGISTRATION ONLY. | 999/- |
| 3- | GST RETURN MONTHLY FEES. | 499/- |
| | OLD FIRM OFFER | |
| 4- | OLD PROPRIETORSHIP FIRM 12 MONTH GST RETURN FEES ONLY. | 1499/- |
| 5- | ITR FILE ONLY. | 499/- |

ALL TYPE FIRM AND COMPANY TOTAL COMPLIANCE AND GST RETURN, PLEASE CALL AND MAIL, WHATSAPP 24×7 AVAILABLE

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक, रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरूवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400



सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान



डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913

नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।

ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।

- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन वगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना

35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)




धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।

यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202


# आधी रात को जन्मे कन्हाई, घर-घर बजी बधाई

## मंदिरों में भव्य सजावट की गई, भजन- कीर्तन का आयोजन, कृष्ण लीलाओं का मंचन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** नंद घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की, हाथी घोडा पालकी जय कन्हैया लाल की। जयकारों के साथ जनपद भर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। घरों मंदिरों में झांकियां सजाई गईं। शाम होते ही भजन कीर्तन शुरू हो गए। जो आधी तक जारी रहेगा। जैसे ही रोहिणी नक्षत्र में आधी रात को श्रीकृष्ण का जन्म हुआ, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। पुलिस लाइन, जिला कारागार सहित मंदिरों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में भी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की धूम रही।

जन्माष्टमी पर्व पर श्री कृष्ण का जन्म होते ही घरों मंदिरों पर महिलाएं, तो कई अन्य स्थानों पर मंडली द्वारा बधाइयां गाई गई। पुलिस लाइन में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में एसएसपी बृजेश कुमार सिंह यजमान की भूमिका में रहे। यहां पर सजी झांकी आकर्षण का केंद्र रहीं। जिला कारागार में अधीक्षक विनय कुमार की देखरेख में बंदियों ने भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। कारागार में भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी भी सजाई गई थी।

**शहर में एकादशी पर सजेंगे मंदिर :** भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव के तीन दिन बाद सूतक समाप्ति पर एकादशी को यहां धार्मिक उत्साह के मनाए जाने की परंपरा है। मान्यता है कि मथुरा में श्रीकृष्ण जन्म की जानकारी यहां के लोगों को एकादशी के दिन हुई थी, तब यहां उत्सव मनाया गया था। वर्षों से उस परंपरा का निर्वहन आज भी किया जा रहा है।



जन्माष्टमी पर सजा हर प्रसाद मंदिर। ● अमृत विचार



दुर्गा देवी मंदिर में सजी राधा कृष्ण की प्रतिमा। ● अमृत विचार

### हर्षोल्लास से मनाया जन्माष्टमी पर्व, सजे मंदिर

**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का पर्व सोमवार को विधिवत् मनाया गया। घरों और मंदिरों में पूजा अर्चना की गई। साथ ही मंदिरों को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया। नगर के देववाणी, हनुमानगढ़ी, नव दुर्गा देवी मंदिर, शिव शक्ति भवन मंदिर, कुटी मंदिर, वद्री नारायन मंदिर, नील कंटेश्वर महादेव मंदिर लोगों ने खूब सजाया। नगर के मोहल्ला संख्या पांच स्थित नव दुर्गा मंदिर पर भक्तों ने अमरनाथ की गुफा को बनाया।




### घर-घर मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**नूरपुर पिनौनी, अमृत विचार :** जन्माष्टमी का पर्व पूरे क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। मंदिरों में मनभावन सजावट की गई। रात 12 बजे कन्हैया का जन्म होते ही घरों में बधाइयां गाईं। इसके बाद पूजा अर्चना की गई। साथ ही घरों में बने पकवान से भोग लगाया गया। घरों में छोटे बच्चों को कान्हा का रूप धारण कराकर उन्हें माखन मिश्री खिलाई गई। मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया।





कान्हा और राधा रूप में सजे बच्चे। ● अमृत विचार



यज्ञ में आहुतियां देते आचार्य संजीव रूप व अन्य। ● अमृत विचार



कान्हा बना एकांश ठाकुर।

## आर्य समाज मंदिर में मनाया गया श्री कृष्ण का जन्मोत्सव

संवाददाता, बिल्सी

**अमृत विचार:** गांव गुधनी स्थित आर्य समाज मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आचार्य संजीव रूप ने कहा कि योगेश्वर श्री कृष्ण आज भी प्रासंगिक हैं। उनके गीता में दिए गए विचार और उनका कृतत्व तथा व्यक्तित्व हम सबके लिए समूचे विश्व के लिए कल्याणकारी है। भगवान कृष्ण ने कहा था सज्जन को छेड़ो मत और दुष्ट को छोड़ो मत। समाज मर्यादाओं से चलता है। वही राष्ट्र सुखी होता है, जो धर्म नीति से मर्यादित रहता है। साहब सिंह, तृप्ति शास्त्री, कौशिकी रानी, तानिया रानी, सुखवीर सिंह, अशोक पाल सिंह आदि मौजूद रहे।



यह भी कान्हा।

### श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर मंदिरों में सजावट

**वजीरगंज, अमृत विचार :** जन्माष्टमी पर मंदिरों को सजाया गया। इस मौके पर मंदिरों में देर रात तक पूजन करने वालों का तांता लगा रहा। पुलिस व्यवस्था चौकस रही। रात्रि 12 बजे के श्री कृष्ण के जन्म के बाद मंदिरों में शंख घड़ियाल आदि बजने लगे। श्रद्धालुओं ने अपने आराध्य को पूजने के बाद व्रत खोला।



कान्हा बना आरव सिंह।

## फलों और सब्जियों पर छाई महंगाई

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार:** त्योहारी सीजन शुरू होते ही महंगाई छाने लगी है। जन्माष्टमी पर्व पर फल और सब्जियां 10 से 15 रुपये महंगे बिके। खीरा साठ रुपये किलो और अमरूद 80 रुपये बिका।

थोक बाजार से लेकर फुटकर बाजारों में बिक रही फल और सब्जियों के रेट में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हो गई है। जन्माष्टमी पर्व पर प्रसाद में उपयोग होने वाला खीरा अधिक महंगा रहा। नार वाला एक खीरा 40 से 50 रुपये का बिका वहीं साधारण 60 रुपये किलो।

अन्य दिनों में 40 रुपये किलो बिकने वाला अमरूद 80 रुपये किलो बेचा गया। 40 रुपये दर्जन बिकने वाला केला 60 रुपये दर्जन बिका।



सब्जी मंडी गेट पर फल खरीदते लोग। ● अमृत विचार

- **60 रुपये किलो खीरा और 80 रुपये बिका अमरूद**



डलिया में बिक्री को रखा नार वाला खीरा।

खबरें पेज 9 पर भी

## सार-संक्षेप

### नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने किया गोपूजन

**बदायूं,अमृत विचार :** श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा ने गायों को गुड़, चोकर और हरा चारा खिलाया। नगर मजिस्ट्रेट व अधिशासी अधिकारी अरुण कुमार के साथ गोपूजन किया। कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों को गोशाला का भ्रमण कराया। साथ ही गौपालन के महत्व से अवगत कराया। गोशाला के नोडल प्रभारी केशव गंगवार, कार्यालय अधीक्षक खालिद अली खां, गौशाला प्रभारी मुशाहिद अली आदि उपस्थित रहे।



### सचिव और प्रधानपुत्र ने किया गायों का पूजन

**ओरछी, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर जगह-जगह कीर्तन हुए। गांव कनुआखेड़ा स्थित गोशाला में सचिव गौरव सिंह, प्रधान पुत्र लवलेश ठाकुर ने पूजन के बाद गोवंश को गुड़ और हरा चारा खिलाया। इसके बाद गोशाला में श्रीकृष्ण की पूजा की गई। पूजन में ग्रामीणों ने सहभागिता की।



### उसावां चेयरमैन ने गोशाला में सुविधाओं को देखा



**उसावां, अमृत विचार :** उसावां नगर पंचायत अध्यक्ष प्रियंका अनिल सिंह चौहान ने गोशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने हरे चारे, पानी और चिकित्सक सुविधाओं की समीक्षा की। अपने पति अनिल सिंह चौहान के साथ गोवंश को माला पहनाई और हरा चारा खिलाया। अनिल सिंह चौहान ने कहा कि गोवंश की सेवा करना सभी की जिम्मेदारी है। जीत प्रताप सिंह, दिनेश शर्मा, पप्पू यादव, अर्जुन कश्यप आदि उपस्थित रहे।

### स्काउट भवन पर मनी जन्माष्टमी, हुए कार्यक्रम

**बदायूं ,अमृत विचार :** स्काउट भवन प्रशिक्षण केंद्र पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि प्रादेशिक वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं जिला मुख्य आयुक्त महेश चंद्र सक्सेना ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कमिश्नर संजीव कुमार शर्मा, अमित तोमर, नीतू गुप्ता, पुष्पा देवी शर्मा, सामिया, निखिल चौहान, हरपाल सिंह, शीतल, नंदिनी, उर्वशी, वैष्णवी आदि मौजूद रहे।



### श्रीराम की कथा सुनकर श्रोता भाव विभोर

**वजीरगंज, अमृत विचार :** श्री वार्ष्णेय धर्मशाला में श्रीराम कथा में स्वामी रामचंद्राचार्य महाराज ने सोमवार को केवट संवाद से लेकर राजतिलक का वर्णन किया। रामचंद्राचार्य महाराज ने अयोध्या कांड से प्रसंग का आरंभ किया। श्रीराम के गंगा पार जाने से पूर्व केवट और लक्ष्मण संवाद से कथा को आगे बढ़ाया। प्रभाकर मिश्र, सतीश वार्ष्णेय, मुरली मनोहर गुप्ता सहित सैकड़ों श्रोतागण मौजूद रहे।



## एक नजर

### युवती का धर्म परिवर्तन करा किया निकाह

**एटा, अमृत विचार :** मारहरा थाना क्षेत्र में 21 साल की लड़की का अपहरण कर ले जाने और धर्म परिवर्तन करा निकाह करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर धर्म परिवर्तन समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गांव गोकनी की रहने वाले ग्रामीण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 24 अगस्त को साकिर पीड़ित की 21 वर्षीय पुत्री का अपहरण कर ले गया और धर्मांतरण कराकर जबरन निकाह रचा लिया। पुलिस ने साकिर सहित सात आरोपियों पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### बंबा में बहता मिला अधेड़ का शव, शिनाख्त नहीं

**एटा, अमृत विचार :** थाना जलेसर क्षेत्र के गांव के नगला मितन के लोग सुबह खेतों की ओर गए थे। बंबा में एक व्यक्ति शव पड़ा देखा गया। बंबा में शव देख आसपास के लोग एकत्रित हो गए। उसकी पहचान करने की कोशिश की। शिनाख्त नहीं हो सकी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने भी आसपास के लोगों से जानकारी की। मृतक की उम्र करीब 50 वर्ष बताई गई है। पुलिस ने शव को 72 घंटा के लिए पोस्टमार्टम की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है।

### भारतीय किसान यूनियन का धरना प्रदर्शन आज

**जलेसर,अमृत विचार :** खारे पानी के क्षेत्र में चल रहे सकरौली रजबहा में पानी न आने से किसानों में रोष है। भारतीय किसान यूनियन भानू के जिला अध्यक्ष पंकज ठाकुर की अगुवाई में 27 अगस्त को तहसील मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। धरना प्रदर्शन में भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर भानु प्रताप सिंह मौजूद रहेंगे।

### विषाक्त पदार्थ के सेवन से दो की हालत बिगड़ी

**एटा , अमृत विचार :** पिलुआ थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम गनेशपुर निवासी मनीषा (24) पत्नी महीपाल सिंह ने गृह क्लेश के चलते सोमवार को सुबह करीब 10 बजे घर पर ही कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। उपचार के लिए मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया है। दूसरी ओर मिरहची थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम नयाबांस निवासी विमल कुमार (26) पुत्र सत्यवीर सिंह को भाई सुमित कुमार द्वारा उपचार के लिए रविवार की रात 9 :30 बजे मेडिकल कालेज की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। नशीले पदार्थ के सेवन से विमल की हालत खराब हो गई है।


जन्माष्टमी पर झालरों से जगमगाता मां चामुंडा रानी का मंदिर। ● अमृत विचार


कृष्ण बना बच्चा। ● अमृत विचार


जन्माष्टी पर सजा तरौरा वाली माता का मंदिर। ● अमृत विचार

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी: नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की

## श्रीकृष्ण का जन्म होते ही मंदिरों में गूंजे घंटे घड़ियाल, हर्षोल्लास के साथ मनाया गया जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** भादों मास की कृष्ण पक्ष की अष्टमी सोमवार को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व परंपरागत रूप से मनाया गया। शहर से लेकर कस्बों तक मंदिरों में साज-सज्जा की गई। मंदिर रंग-बिरंगी झालरों से जगमगाए। मंदिरों में छप्पन भोग लगा। भगवान का फूल बंगला सजा। रात 12 बजे भगवान का जन्मोत्सव मनाया गया। बधाई गाई गईं। मंदिरों में घंटे, घड़ियाल बजे। आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर लोगों में उत्साह दिखाई दिया। शाम सात बजे से धीरे धीरे मंदिरों के पट खुले तो बाजारों में भी रौनक बढ़ गई। मंदिरों में दर्शन करने के लिए श्रद्धलुओं की भीड़ उमड़ने लगी।माता चामुंडा मंदिर, प्रभु पार्क, पथवारी मंदिर, शीतला माता मंदिर, हापुड़ मंदिर सहित दो दर्जनों से अधिक मंदिरों को सजाकर भव्यता दी गई।

तीर्थ नगरी सोरों के मनकामेश्वर मंदिर, वराह मंदिर, गंगा माता मंदिर, राधाकृष्ण मंदिर, द्वारिकाधीश मंदिर, चक्रेश्वर मंदि, बलदाऊ मंदिर, नर्मदेश्वर मंदिर पर भव्य साज-सज्जा की गई। कस्बा सिढ़पुरा के धुमरी रोड स्थित काली मंदिर, रघुनाथ महाराज मंदिर, कस्बा गंजडुंडवारा लड्डू गोपाल मंदिर, दुर्गा मंदिर, हनुमान गढ़ी, वेलोन माता मंदिर, ठाकुर महाराज मंदिर, ब्रह्मदेव महाराज मंदिर सजाए गए थे। कस्बा सहावर में गमा देवी मंदिर, राधाकृष्ण बारहसैनी मंदिर, राम दरबार मंदिर, संतोषी माता मंदिर पर शाम से देर रात तक भक्तों की भीड़ रही। कस्बा अमांपुर, पटियाली, मोहनपुर, बिलराम, ढोलना में भी जन्माष्टमी पर्व परंपरागत रुप से मनाया गया।


- मंदिरों में आरती के बाद प्रसाद वितरित किया गया
- कोतवाली और थानों के मंदिरों को सजाकर दी गई भव्यता


बाबा श्याम की निशान यात्रा निकालते श्रद्धालु। ● अमृत विचार


शोभायात्रा में प्रदर्शित भगवान श्रीकृष्ण की झांकी। ● अमृत विचार

### श्याम निशान यात्रा में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**कासगंज :** शहर में जन्माष्टमी के अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा श्याम निशान यात्रा निकाली गई। शहर के मुहल्ला जयजय राम स्थित श्याम मंदिर से शोभायात्रा का शुभारंभ बाबा श्याम के भक्तों ने आरती उतार कर किया। हाथों में बाबा के निशान झंडा लिए श्रद्धालु जयजय कार कर रहे थे। नगर भ्रमण के बाद शोभायात्रा मंदिर पर जाकर संपंन हुई। पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेंद्र बौहरे, राजवीर सिंह साहू, रजनी साहू, योगेंद्र माहेश्वरी, देवू भैया, अश्वनी माहेश्वरी, अनिल बाबा के अलावा भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


कृष्ण के स्वरुप में बालक।

## शोभायात्रा पर जगह-जगह भक्तों ने बरसाए फूल

- श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में निकाली गई शोभायात्रा में झूमे भक्त

**कासगंज, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समिति के तत्वाधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में श्री कृष्ण की शोभायात्रा निकाली गई। हाथी घोडा पालकी, जय कन्हैया लाल की से वातावरण गुंजायमान हुआ है। जगह जगह श्रद्धालुओ ने भगवान श्रीकृष्ण के स्वरुप की आरती उतारी, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का शुभारंभ शहर के प्रभुपार्क से हवन और भगवान श्री कृष्ण की आरती उतारकर सदर विधायक देवेंद्र राजपूत ने किया। शोभायात्रा नदरई गेट गांधी मूर्ति, बाराहद्वारी, सोरों गेट होती हुई शीतला मंदिर पर संपंन हुई। पालिका अध्यक्ष मीना बौहरे सहित अन्य श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण के स्वरुप की आरती उतारी। पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। समिति के अध्यक्ष हरवीर सिंह भारतीय एवं सरंक्षक मनोज यादव ने अथितियों का आभार व्यक्त कर स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। फोरन सिंह यादव, सौरभ यादव, सुशील यादव मास्टर, अजय यादब बहेरिया, बृजेश पहलवान, देवेंद्र यादव, विनीत यादव, अखिलेश यादव, अंशुमन यादव, बृज गोपाल यादव, प्रोफेसर विजेंद्र यादव, प्रोफेसर अजीत यादव, वीरपाल सिंह यादव, गिर्राज यादव, सचिन यादव, मुनेन्द्र यादव,आलोक यादव,चेतन यादव, राघवेंद्र यादव अमित भईयू, सौरव यादव, प्रदीप यादव, बीके राजपूत देवेन्द्र लोधी, अनीस सैफी शामिल रहे।

### केक काटकर मनाई जन्माष्टमी

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव पर शहर के बारहद्वारी स्थित हनुमान मंदिर, सोरों गेट हनुमान मंदिर एवं घरों में भी श्रीकृष्ण भक्तों ने 12 बजे केक काटकर जन्मोत्सव मनाया। हनुमान मंदिर पर हम सब बोलेंगे हैपी बर्थ–डे टू यू गीत पर श्रद्धालु झूमते नजर आए।

### मंदिरों पर रही सुरक्षा व्यवस्था

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर मंदिरों पर खासी भीड़ रही। सुरक्षा की दृष्टि से शहर से लेकर कस्बों के मंदिरों पर एसपी सौरभ दीक्षित के निर्देश पर पुलिस एवं पीएसी बल तैनात किया गया था। जिले भर में 24 प्रमुख मंदिर चिन्हित किए गए थे। इन पर विशेष सुरक्षा व्यस्था रही।

### पुलिस लाइन में मनाया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**कासगंज,अमृत विचार :** पुलिस लाइन, जिला कारागार एवं कोतवाली और थानो पर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। धार्मिक कार्यक्रमों में अधिकारियों और पुलिस कर्मियों ने भाग लिया। जिला कारागार में जेल अधीक्षक विजय विक्रम सिंह के नेतृत्व में जेल के मंदिर को सजाया गया। भजन कीर्तन और हवन हुआ। पुलिस लाइन में धार्मिक कार्यक्रम हुए। सोरों कोतवाली मंदिर में इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी द्वारा धार्मिक अनुष्ठान कराए गए। सदर कोतवाली स्थित मंदिर को विद्युत झालरों से सजाया गया। गंजडुंडवारा कोतवाली के सिद्ध शक्ति मंदिर पर इंस्पेक्टर विनोद कुमार सहित पुलिस कर्मियों ने हवन यज्ञ में आहुति दी। सहावर, अमांपुर, सिढपुरा, सुन्नगढी, ढोलना, पटियाली, सिकंद्रपुर वैश्य, महिला थाने में भी कार्यक्रम हुए।


राधाकृष्ण के स्वरुप से सजे बच्चे। ● अमृत विचार

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के भाव में डूब गए घर-मंदिर

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार:** समूचे जनपद में धूमधाम के साथ जन्माष्टमी मनाई गई। आकर्षक झांकियां सजाईं गईं। शोभायात्राएं निकाली गयीं। इस दौरान कन्हैया के जयघोषों से वातावरण भक्तमय हो गया। चहुंओर नंद के लाला की जय-जय हो रही थी। मध्य रात्रि में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लेते ही घंटे घड़ियाल गूंज उठे।

एटा ब्रजक्षेत्र में आता है लिहाजा एटा में भी जन्माष्टमी पर्व को श्रीकृष्ण जन्म महोत्सव के रूप में पूरे उल्लास के साथ मनाया गया। ठंडी सड़क स्थित माता पथवारी मंदिर, श्री रघुनाथ मंदिर, पुरानी बस्ती स्थित वाष्र्णेय मंदिर, मोहल्ला रेबाड़ी स्थित मां शीतलादेवी मंदिर, जीटी रोड पर मां जनता दुर्गा मंदिर, घंटाघर स्थित क्षत्रिय मंदिर के अंदर सजाई गईं आकर्षक झांकियां देखने को भीड़ देर रात तक उमड़ती रही। कस्बा जैथरा में मैन बाजार में हनुमान मंदिर पर श्रीकृष्ण लीला एवं भजन कीर्तन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मिरहची कस्बा में माता पथवारी मंदिर, पुरानी माता मंदिर, अनुमान मंदिर एवं शिव मंकदर पर जन्माष्टमी पर्व पर रात्रि 12 बजे कृष्ण जन्म होने तक कीर्तन आदि कार्यक्रमों का आयोजन कर रात्रि में प्रसाद वितरिण किया गया। कस्बा अलीगंज, अवागढ़, मारहरा, निधौली कलां, जलेसर, मलावन, सकीट आदि में कन्हैया का जन्म दिवस बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया।

- जगमग मंदिरों में कृष्ण की मनोहर झांकियां देखने उमड़े श्रद्धालु


भगवान श्रीकृष्ण की शोभायात्रा में उपस्थित पदाधिकारी। ● अमृत विचार

### जलेसर में धूमधाम से निकाली श्रीकृष्ण की शोभायात्रा

**एटा, अमृत विचार :** जलेसर कस्बा में जन्माष्टमी के मौके पर यादव महासभा के तत्वावधान में धूमधाम से भगवान श्रीकृष्ण की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीराधा कृष्ण धर्मकांटा से शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा में भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अशोक यादव, जिला पंचायत सदस्य मुकेश यादव, सत्येंद्र यादव, इंद्रपाल यादव, सोनीराम यादव, रामनरेश यादव, देवेश यादव, रामकिशन यादव, हीरेश यादव, सत्यपाल सिंह यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील यादव, सिंटू यादव, मनोज यादव सहित सैकड़ों यादव बंधु मौजूद है।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर निकाली भव्य शोभायात्रा

**एटा, अमृत विचार :** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में शहर के मोहल्ला श्रंगारनगर स्थित मौनी बाबा की बगीची से भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में सबसे पहले श्रद्धालु धर्मध्वजा लेकर आगे चल रहे थे। इसके पीछे झांकिया शोभा बढा रही थी। उनके पीछे भगवान राधा कृष्ण की झांकी, ग्वाल टोली झांकी, महंत की सवारी आदि झांकी के रथ चल रहे थे। श्रद्धालुओं की ओर से शोभायात्रा का जगह–जगह पर जलपान, फल दूध, पकोड़े आदि के स्टाल लगाकर भव्य स्वागत किया गया।

### अंतर्जनपदीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप में सिटी कॉन्वेंट स्कूल प्रथम

**अवागढ़, अमृत विचार:** लिमरा इंटरनेशनल स्कूल में हुई प्रतियोगिता में सिटी कॉन्वेंट स्कूल के 20 खिलाडियों ने अलग अलग कैटेगरी वर्ग भार में सर्वाधिक मेडल पाकर पूरे जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर कस्बे का नाम रोशन किया है। प्रबंधक नितिन राज तिवारी, संस्थापक राज कुमार तिवारी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में सुरभी, शिवा, अगम्या तिवारी, नंदिनी दीक्षित, अवनी तिवारी, प्रिंस यादव, आर्यन प्रताप सिंह, कुनाल, तेजस्व वशिष्ठ, रजत पदक प्राप्त करने वालों में अंशिका कुशवाह, मोहिनी सिंह, अमन यादव, आर्यन ठाकुर, कार्तिक दुबे, हार्दिक दुबे और कांस्य पदक प्राप्त करने वाले खिलाड़ी में मानव यादव, अबू बकर, आर्यन उपाध्याय, आयुष ठाकुर, सत्यम यादव थे। शिक्षक शशिकांत कुशवाह, राकेश पाराशर, अश्वनी यादव, नितिन शर्मा, रवि कांत यादव, अजय शर्मा, विनय, मनीष तिवारी, रंजना, काव्या शर्मा, काजल जादौन, शिवांगी सिंह, आदि थे।

# बच्चों को पुस्तकों की तरफ करें आकर्षित


पुस्तक मेले के समापन कार्यक्रम में बोलते पूर्व सांसद राजवीर सिंह। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- पूर्व सांसद राजवीर सिंह ने पुस्तक मेले का किया अवलोकन

**अमृत विचार:** जिले में प्रथम बार लगे पुस्तक मेले का समापन हो गया। समापन कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व सांसद ने मेले का अवलोकन किया। आयोजकों के प्रयास की सराहना करते हुए बच्चों को मोबाइल से दूर कर पुस्तकों की ओर आकर्षित करने का आह्वान किया।

समापन कार्यक्रम में पूर्व सांसद राजवीर सिंह राजू भैया ने कहा कि जिले के लिए अनोखी पहल है। मोबाइल के इस युग में बच्चों को किताबों की ओर आकर्षित करना चाहिए। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी सूर्य प्रताप सिंह ने पूर्व सांसद राजवीर सिंह और जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार मौर्य ने आयोजकों को सम्मानित किया। विधायक देवेंद्र राजपूत, विधायक हरिओम वर्मा, जयंत गुप्ता, कुमकुम वाष्र्णेय, बौबी कश्यप, एडीएम राकेश कुमार पटेल, एसडीएम कुलदीप सिंह, अनेक सिंह बघेल, मदन चंद्र राजपूत, शशिकांत यादव, धीरेंद्र सोलंकी, दीपक मिश्रा, राजकुमार, धनजय सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षाविद अभिषेक पांडेय ने किया।

### स्पीड लेजर मशीन से चेक की गई वाहनों की रफ्तार

**कासगंज,अमृत विचार:** सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए यातायात पुलिस ने स्पीड लेजर मशीन से चेक कर वाहनों के चालान काटे ।

यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने अपनी टीम के साथ आबादी वाले इलाको में स्पीड लेजर मशीन से चेकिंग अभियान चलाया। उन्होंने बताया आबादी क्षेत्र में निर्धारित गति सीमा 30 किलोमीटर की प्रति रफ्तार है, लेकिन वाहन 80 से ऊपर स्पीड में दौड रहे हैं। ऐसे 20 वाहनों के चालान काटे गए। इसके अलावा मोडिफाइड साइलेंसर, ड्रिंक एंड ड्राइव, दोपहिया वाहन पर तीन सवारी, बिना हेलमेट, सीट बेल्ट, ब्लैक फिल्म लगे वाहनों को चेक किया। काली फिल्म उतरवाई गई। ऐसे 86 वाहनों के चालान काटे गए। चार वाहनों को सीज किया गया।

# लभेंटा में चले जमकर लाठी-डंडे, नौ घायल

**एटा, अमृत विचार:** बागवाला थाना क्षेत्र के गांव लभेंटा में मामूली बात को लेकर महिलाओं के बीच विवाद हो गया। कहासुनी से शुरू हुई बात झगड़े तक पहुंच गई और दोनों पक्षों में जमकर लाठी-डंडे चल गए। इस मारपीट में दोनों ही पक्ष के 9 लोग घायल हो गए।

बागवाला थाने में प्रमोद पुत्र हजारी लाल निवासी लभेंटा ने गांव के निवासी शिशुपाल पुत्र केदार सिंह समेत सात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई कि 24 अगस्त को शिशुपाल ने अपने साथियों के साथ मिलकर पीड़ित के भाई की मोटरसाईकिल रोककर मारपीट कर गाली गलौज की तथा जान से मारने की धमकी दी थी।

दूसरी ओर सुरजीत पुत्र हरिश्चन्द्र निवासी लभेंटा ने गांव के प्रेमकिशोर पुत्र खुशीलाल समेत 5 लोगों के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कराया कि 25 अगस्त को पीड़ित की बहन और भाई के साथ प्रेमकिशोर आदि ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी गई है।

इस झगड़े में एक पक्ष से भानु प्रताप, प्रमोद, अवध किशोर और नंद किशोर तो दूसरे पक्ष से रीतेश, अर्जुन, शिशुपाल और उसकी पत्नी ऊषा व सुरजीत घायल हो गए। घायलों को मेडिकल कॉलेज लाया गया। एक पक्ष ने पुलिस पर एक तरफा कार्रवाई करने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी बागवाला संजय राघव ने बताया कि एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच पड़ताल की जा रही है।

### गांधी मार्केट में तीन दुकानों में चोरी

**एटा, अमृत विचार:** कोतवाली नगर क्षेत्र के व्यस्ततम बाजार गांधी मार्केट में चोरों ने तीन दुकानों में सेंध लगाकर हजारों के माल पर हाथ साफ कर दिया। सोमवार को दुकानदार अजय ने अपनी दुकान खोली तो पता चला कि छत कटी हुई है। इसके कुछ समय बाद पता चला कि गांधी मार्केट स्थित साहनी साड़ी सेंटर, अजय फोम हाउस और साहनी जनरल स्टोर में भी चोरों ने सेंध लगा दी। चोर तीनों दुकानों से 57 हजार रुपये का माल और 37 हजार रुपए की नगदी चोरी कर ले गए। क्षेत्राधिकारी नगर विक्रांत द्विवेदी सहित पुलिस टीम पहुंच गई। घटना की तहरीर निखिल साहनी पुत्री आदर्श साहनी निवासी अरुणा नगर एटा द्वारा पुलिस को दी गई है। पुलिस ने दुकानों के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है।

**बोले कर्मचारी** सरकार ने किया गुमराह, नाम बदलने से नहीं बदलने वाले कर्मचारियों के हालात

# कर्मचारियों को रास नहीं आई यूनिफाइड पेंशन स्कीम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** पुरानी पेंशन बहाली की मांग करते आ रहे कर्मचारियों को सरकार ने एनपीएस के स्थान पर यूपीएस लागू करने का फैसला लिया है। सरकार भले ही यूनिफाइड पेंशन स्कीम से कर्मचारियों का भला करने की बात कह रही हो, लेकिन सरकारी कर्मचारी इस नई स्कीम को अपने हित में नहीं देख रहे हैं। कर्मचारियों का मनना है कि सरकार ने ओपीएस के मुद्दे को विराम लगाने के लिए यूपीएस की खोज की है। यूपीएस एनपीएस से कहीं भिन्न नहीं है। इससे कर्मचारियों का हितों होने वाला नहीं है। जब इस संबंध में अमृत विचार ने सरकारी कर्मचारियों से बातचीत की तो वह इस स्कीम को लेकर संतुष्ट नजर नहीं आए।


सरकार ने ओपीएस की मांग पर विराम लगाने के लिए यूपीएस लागू करने का फैसला लिया है। यह सरकार की अपनी समस्या का समाधान हो सकता है, लेकिन यूपीएस से कर्मचारी कोई हित नहीं है। – **मुनेश राजपूत**, व्यायम शिक्षक


यूनिफाइड पेंशन स्कीम कर्मचारियों के लिए बेहतर विकल्प नहीं है। सरकार को ओपीएस ही लागू करनी चाहिए थी। जिससे कर्मचारियों का भला होता और कर्मचारियों और सरकार के हित में चले आ विवाद को भी विराम मिलता। – **आजाद खान**, महामंत्री पीडब्लूडी मिनिस्ट्रियल एसोसिएशन


सही मायने में ओल्ड पेंशन स्कीम ही कर्मचारियों के लिए बुढ़ापे की लाठी है। सुरक्षा का कवच है। कर्मचारियों को ओपीएस से कम कुछ भी स्वीकार नहीं है। सरकार को ओपीएस को ही लागू करना चाहिए था। – **चंद्र गुप्त**, शिक्षक


सरकार की यूनिफाइड पेंशन स्कीम और एनपीएस एक सिक्के के दो पहलू हैं। इसमें कुछ भी नया नहीं है। सरकार ने केवल नाम बदला है। नाम बदलने से कर्मचारियों का हित नहीं होगा। कर्मचारियों के हित में पुरानी पेंशन स्कीम लागू होनी चाहिए। – **धीरेंद्र सिंह सोलंकी**, एआरपी सिढ़पुरा


सरकार वास्तव में सरकारी कर्मचारियों का हित चाहती है तो यह रोज नई स्कीम न लाए। सीधे सीधे कर्मचारियों की मांग पूरी करते हुए पुरानी पेंशन स्कीम को लागू करे। इसी से कर्मचारियों का भला है और उनकी सेवानिवृत्ति के बाद सुरक्षा की गारंटी है। – **प्रेम सिंह राना**, रेल कर्मी


कर्मचारी पुरानी पेंशन स्कीम की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन सरकार ने कर्मचारियों समस्या का नहीं बल्कि मुद्दों को समाप्त करने का कार्य किया है, लेकिन यह मुद्दा शांत नहीं होगा। पुरानी पेंशन लागू कराने की लड़ाई जारी रहेगी। –**नीरज गुप्ता**, शिक्षक

## एक नजर

### एत्मादुद्दौला में नाबालिग से गैंगरेप

**आगरा, अमृत विचार :** थाना एत्मादुद्दौला की बघेल बगीची में नाबालिग से गैंगरेप की घटना हुई। परिजनों ने तीन युवकों के खिलाफ नामजद केस दर्ज कराया है। परिजनों ने बताया कि लड़की को जबरन शराब पिलाई गई। पिता की तहरीर के अनुसार उनकी बेटी 25 अगस्त की रात करीब 8 बजे जनरल स्टोर से नमकीन लेने गई थी। इसी क्षेत्र के रहने वाले पीयूष बघेल, दिनेश और आलोक बातों में उलझा कर ऑटो में बैठाकर ले गए। सूनसान जगह पर ले जाकर जबरदस्ती शराब पिलाई और दुष्कर्म किया। फिर मोती महल के पास छोड़ दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी फरार हो गये हैं। पुलिस उनकी तलाश में दबिश दे रही है।

### ई-मेल से भेजे जाने वाले मामलों का करें निस्तारण

**बरेली, अमृत विचार :** मंडल के बरेली, बदायूं, पीलीभीत और शाहजहांपुर के जिलाधिकारियों को मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने पत्र भेजकर ई–मेल से भेजे जाने वाले मामलों का प्राथमिकता और समय से निस्तारण कराने के आदेश दिए हैं। मंडलायुक्त ने कहा कि ई–मेल से आने वाले मामलों को गंभीरता से लेकर समय–सीमा में निस्तारित कराएं। उन्होंने शासन के आदेशों का कड़ाई से पालन कराने का भी आदेश दिया।

### वीआईपी सिम दिलाने के बहाने 65 हजार ठगे

**बरेली, अमृत विचार :** एक दूरभाष कंपनी का वीआईपी सिम लेने के चक्कर में दवा कारोबारी से 65 हजार रुपये ठग लिए गए। व्यापारी की शिकायत पर थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सनराइज एन्क्लेव निवासी सौरभ गौर के मुताबिक वह दवाइयों का कारोबार करते हैं। उन्होंने 13 जून 2023 को एक दूरभाष कंपनी से वीआईपी सिम लेने के लिए कॉल की थी। कॉल रिसीव करने वाले ने बताया कि वह कंपनी का खाता संख्या भेज रहा है। खाता में जीएसटी समेत सिम की कीमत के 65 हजार 554 रुपये भेज दें। भरोसा करके उन्होंने खाते में पैसे भेज दिए। इसके बाद उन्होंने चार दिन इंतजार किया, लेकिन सिम नहीं मिला। इस पर उन्होंने जानकारी की तो पता चला कि खाता दूरभाष कंपनी का नहीं बल्कि किसी और का है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश पर थाना बारादरी पुलिस ने आरोपी के नंबर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### भरगैन में भी निकाला गया चेहल्लुम का जुलूस

**भरगैन :** इमाम हुसैन और 72 शहीदाने करबला की शहादत के चलीसवें दिन चेहल्लुम का जुलूस निकाला गया। जुलूस को या हुसैन की सदाओं के बीच मोहल्ला अहमद थोक, बीच थोक, अफ़ज़ल थोक, ईदा थोक, कपड़ा बाजार, नत्थू थोक, भीकन थोक, मीरन थोक, हसन थोक, जहानी थोक, हई थोक, गढ़ईया थोक, लाल बाग सहित पूरे नगर में घुमाया गया। रिहान खान ने कहा कि पैगंबर–ए–इस्लाम ने जिस पाक और सच्चे धर्म को दुनिया में फैलाया।

### परंपरागत तरीके से मनाया चेहल्लुम, निकाले ताजिए

**गंजडुंडवारा, अमृत विचार :** गंजडुंडवारा कस्बे में चेहल्लुम पर्व परंपरागत तरीके से मनाया गया। ताजिए का जुलूस निकाला गया। कस्बे के पटियाली रोड पर चेहल्लुम के मौके पर सादगी पूर्ण तजीया का भ्रमण कराया गया।

# कूड़ेदान खाली, आस-पास लगे रहते हैं कूड़े के ढेर

## लाखों रुपये खर्च करके नगर पालिका ने शहर में जगह-जगह रखवाए हैं कूड़ेदान, नहीं हो रहा प्रयोग

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



ओवरब्रिज के नीचे खाली पड़ा कूड़ादान, सड़क पर फैली गंदगी। ● अमृत विचार




जिला अस्पताल के सामने कूड़ेदान के बाहर पड़ा कूड़ा। ● अमृत विचार



मोहल्ला शिवपुरम में कूड़ेदान के पास लगा कूड़े का ढेर। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** लाखों की कीमत से खरीदे गए कूड़ेदान खाली पड़े हैं और उनके आस पास कूड़े का ढेर लगा है। लोगों का कहना है कि सभी त्योहारों पर शहर नरक जैसा नजर आता है। कहीं सफाई नहीं की जाती है। सफाई के नाम पर ढोल पीटा जाता है।

शहर में प्रत्येक मोहल्ला, सड़क चौराहे पर लाखों की कीमत से खरीदे गए कूड़ेदान रखे गए हैं। हालांकि सड़कों पर, मोहल्लों में व चौक चौराहों पर रखे कूड़ेदान खाली पड़े रहते हैं जबकि उनके बाहर कूड़े के ढेर लगे हैं। सफाई कर्मचारी कूड़ेदान में कूड़ा डालने की बजाए बाहर रोड पर ही एकत्र कर देते हैं जो तेज हवा में सड़कों पर उड़ता है। त्योहार पर सफाई कर्मचारी छुट्टी पर रहते हैं और शहरवासियों को गंदगी में ही त्योहार मनाने पड़ते हैं।

सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गयी। हर घर में साफ सफाई कर भगवान श्रीकृष्ण को जन्म के बाद भोग लगाया गया। लेकिन पूरे शहर में जगह जगह गंदगी के ढेर लगे रहे। जिला अस्पताल के सामने कूड़ेदान के पास सड़क पर गंदगी का ढेर लगा रहा। इसी तरह ओवरब्रिज के नीचे रखा कूड़ा दान खाली पड़ा रहा, जबकि उसके बाहर कूड़े के ढेर लगे रहे। मोहल्ला शिवपुरम में कूड़ेदान भरा हुआ रखा था। उसके बाहर गंदगी का बड़ा ढेर काफी बीच में फैला हुआ था। नई बस्ती नई सराय में भारी गंदगी के बीच रहे रहे लोग बुखार की चपेट में आ रहे हैं। कल्यान नगर, लोची नगला, आदि मोहल्लों की और भी बदतर स्थिति है। यहां काफी समय से सफाई नहीं की गयी है।

> त्योहारों पर सफाई कर्मचारी भी छुट्टी कर लेते हैं इसलिए कुछ स्थानों पर गंदगी रह जाती है। वैसे एक दिन पूर्व ही पूरे शहर में सफाई कराई गई है। मंगलवार को सुबह सफाई करायी जाएगी। पालिका का प्रयास रहता है कि कहीं गंदगी न रहे। कूड़ेदान इसीलिए रखे गए हैं फिर भी लोग उनके बाहर ही गंदगी फेंक कर चले जाते हैं। **–फात्मा रजा,** चेयरमैन नगर पालिका परिषद बदायूं

# सितारगंज हाईवे : तीन साल पहले ही तैयार हो गई थी घोटाले की जमीन

## घोटाले की जांच में कई और अधिकारियों-कर्मचारियों के फंसने की संभावना

बरेली कार्यालय

- **सर्वे से भुगतान होने तक की प्रक्रिया में एक बार भी नहीं कराया गया सत्यापन**
- **ज्वाइंट मेजर सर्वे में की गई गड़बड़ी, आउटसोर्सिंग एजेंसी भी सवालों के घेरे में**



**अमृत विचार:** बरेली-सितारगंज हाईवे के लिए वर्ष 2021 में भूमि अधिग्रहण के दौरान ही खेल शुरू हो गया था। ज्वाइंट मेजर सर्वे (जेएमआर) में गड़बड़ी कर करोड़ों के गोलमाल की जमीन तैयार की गई। इसके बाद बिना जांच-पड़ताल फाइलें एक टेबल से दूसरी टेबल पर पहुंचती रहीं। माना जा रहा है कि अगर गहराई से जांच हुई तो कई और अधिकारी फंसेंगे और इस घोटाले में हड़पी गई रकम भी 50 करोड़ से कई गुना ज्यादा पहुंच सकती है।

फिलहाल 50 करोड़ का घोटाला सामने आया है और इसमें भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के बरेली खंड के परियोजना निदेशक बीपी पाठक और क्षेत्रीय अधिकारी संजीव कुमार शर्मा के निलंबन के बाद विभाग में भारी हलचल का माहौल है। बताया जा रहा है कि वर्ष 2021 में बरेली-सितारगंज हाईवे के लिए जेएमआर हुआ था। सर्वे के बाद भुगतान होने तक की अवधि में बीपी पाठक के अलावा और भी परियोजना निदेशक रहे हैं। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वर्ष 2021 में हुए सर्वे में राजस्व विभाग भी शामिल था। एक आउटसोर्सिंग कंपनी को भी इसमें लगाया गया था।

इस कंपनी ने सर्वे के लिए कई रिटायर्ड तहसीलदार और लेखपालों को हायर किया था। कहा जा रहा है कि गलत सर्वे के जरिए ही करोड़ों का घोटाला हुआ। कंपनी ऐसा क्यों और किसके इशारे पर किया, यह भी जांच का प्रमुख बिंदु होना चाहिए। दरअसल, सभी कागजों पर सर्वे के दौरान तैनात रहे एनएचएआई के परियोजना निदेशक के हस्ताक्षर हैं। जमीनों का रेट भी 2021 में ही तय किया था। इसके बाद 2022 में थ्री डी मैप और डीपीआर भी बनी थी। घोटाले में निलंबित किए गए परियोजना निदेशक बीपी पाठक के कार्यकाल में 2023 में भुगतान किया गया। इस तरह पुरानी फाइलें आगे बढ़ती रहीं और फर्जीवाड़ा होता गया। एनएचएआई के अधिकारी इस सवाल पर भी घिरे हुए हैं कि सर्वे के बाद भुगतान तो कर दिया गया लेकिन इस पूरी प्रक्रिया के दौरान सत्यापन नहीं कराया गया। ऐसे में इस प्रकरण में एनएचएआई के एक्सईएन और जेई स्तर के कर्मचारी भी फंस सकते हैं। गलत सर्वे पर जवाबदेही तय कर आउटसोर्सिंग एजेंसी को काली सूची में डाला जा सकता है। जांच के दौरान 2021 से अब तक तैनात रहे कर्मचारियों की भूमिका की भी पड़ताल होगी।

> ज्वाइंट मेजर सर्वे मेरे कार्यकाल से पहले हुआ था। उस समय दूसरे परियोजना निदेशक तैनात थे। मेरी तैनाती भुगतान के समय हुई और पुरानी फाइलों को आगे बढ़ा दिया। जांच होगी तो पता चलेगा कि असली दोषी कौन है। सर्वे में राजस्व विभाग की टीम भी शामिल थी। **– बीपी पाठक,** निलंबित पीडी एनएचएआई

## सूरज की तपिश ने किया बेहाल, उमस ने बढ़ाई परेशानी

**बदायूं, अमृत विचार:** पिछले दो दिनों से चटक धूप खिल रही है। जिसकी वजह से तापमान में वृद्धि होने लगी है। दिन का तापमान 35 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 27 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

भादों माह में प्रतिदिन बारिश हुई। गर्मी से परेशान लोगों ने राहत महसूस किया। पिछले दो दिनों से सुबह से ही चटक धूप खिल रही है। बादलों की आवाजाही बनी होने के बाद भी बारिश नहीं हो रही है। रविवार के बाद सोमवार को सुबह से चटक धूप खिली रही। जिससे उत्पन्न हुई उमस वाली गर्मी लोगों के पसीने छुड़ाती रही। दोपहर के समय लोग धूप से बचने के लिए पेड़ की छांव तलाशते हुए नजर आए। सुबह से खिली चटक धूप से तापमान भी वृद्धि देखी गई। बारिश के दौरान तापमान 32 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया था। वजह 35 डिग्री सेल्सियस पर चला गया है। तीन डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने से गर्मी बढ़ गई है। जिससे लोग परेशान होने लगे हैं।

# सड़क निर्माण के विरोध में किसानों का अनशन

संवाददाता, एटा

- **किसानों ने अपनी जमीन पर अवैध तरीके से सड़क निर्माण का लगाया आरोप**
- **किसानों ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आमरण अनशन का सहारा लिया**

**अमृत विचार:** ग्राम दस्तमपुर में किसानों ने अवैध तरीके से उनकी जमीन पर सड़क निर्माण का आरोप लगाकर आमरण अनशन शुरू कर दिया। किसानों का आरोप है कि एनएच-321जी के प्राधिकारी अपर उपजिलाधिकारी प्रथम एटा द्वारा गाटा संख्या 689/0.142 हेक्टेयर और 691/0.093 हेक्टेयर की जमीन पर गजट के विपरीत, मनमाने तरीके से सड़क बनवा दी गई है। उन्हें मानसिक, शारीरिक, और आर्थिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस मुद्दे पर कई बार अधिकारियों से मुलाकात की, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हुई। अंततः मजबूर होकर किसानों ने संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आमरण अनशन का सहारा लिया है।

रमेशचंद्र चौहान की चैपाल पर अनशन पर बैठे किसानों में राजवीर सिंह चौहान, रमेशचंद्र चौहान, रामपाल सिंह चौहान और वीरपाल सिंह चौहान का कहना है कि अभी तक जिला प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी ने उनकी समस्या नहीं सुनी है।

इस संबंध में अपर उपजिलाधिकारी एटा वेदप्रिय आर्य ने बताया कि कल नायब तहसीलदार निधौली कला विक्रम सिंह और एनएचएआई के कर्मचारियों को मौके पर भेजा गया था और किसानों से अनशन समाप्त करने की अपील की गई थी। उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि ठेकेदार ने डिमार्केशन से अलग मिट्टी डाल दी है, तो उसे हटा दिया जाएगा। इसके लिए एनएचएआई की टीम कल मौके पर जांच करेगी। किसानों से अनशन समाप्त करने की अपील भी की है।

# सात हजार रेल कर्मियों को मिलेगा यूपीएस का लाभ

बरेली कार्यालय

- **डीआरएम रेखा यादव ने प्रेसवार्ता में दी जानकारी**

**अमृत विचार:** इज्जतनगर रेल मंडल में यूपीएस (यूनिफाइड पेंशन स्कीम) का सात हजार कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। डीआरएम कार्यालय में सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक रेखा यादव ने प्रेसवार्ता में बताया कि न्यू पेंशन स्कीम में कई कमियों की वजह से सरकार ने कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान में रखते हुए यूपीएस पेश की है।

उन्होंने बताया कि इज्जतनगर रेल मंडल में लगभग नौ हजार कर्मचारी काम करते हैं, जिसमें से सात हजार कर्मचारी एनपीएस के तहत आ रहे थे। उन्होंने बताया कि यूपीएस में सुनिश्चित पेंशन में 25 वर्ष की न्यूनतम सेवा के लिए पेंशन की राशि सेवानिवृत्ति से पहले पिछले 12 महीनों में प्राप्त औसत मूल वेतन का 50 प्रतिशत होगी। वहीं कम से कम 10 वर्ष की सेवा करने पर पेंशन की धनराशि आनुपातिक होगी। सुनिश्चित न्यूनतम पेंशन में न्यूनतम 10 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्ति पर 10000 प्रति माह पेंशन होगी। कर्मचारी का अंशदान नहीं बढ़ेगा। यूपीएस लागू करने के लिए सरकार का योगदान 14 प्रतिशत से बढ़ाकर 18.5 प्रतिशत किया गया है। यूपीएस के प्रावधान एनपीएस के पिछले सेवानिवृत्त लोगों (जो पहले ही सेवानिवृत्त हो चुके हैं) पर लागू होंगे।

## ट्रेन में सिक्किम की महिला की बीमारी से मौत

**बरेली, अमृत विचार :** बेटे के साथ चंडीगढ़ से सिक्किम जा रही महिला की ट्रेन में तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। सिक्किम के रिनौत निवासी अनमोल राय ने बताया कि वह चंडीगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता है। रविवार रात चंडीगढ़ से अपनी मां सुकमती (36) और दोस्त मोनिस सुनार के साथ रिनौत जा रहे थे। ट्रेन जैसे ही सीबीगंज से निकली, वैसे ही उनकी मां की तबीयत बिगड़ गई, जब तक ट्रेन बरेली जंक्शन पर पहुंचती, तब तक मां की मौत हो गई। सोमवार सुबह 3.30 बजे बरेली जंक्शन पर जीआरपी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पोस्टमार्टम हाउस पर पादरी साइमन प्रसाद, सेमुअल सेंथल, संगीता कौशल, विकास, धर्मेश, हेमंत सिंह मौके पर पहुंचे और शव को एंबुलेंस से सिक्किम पहुंचाने की व्यवस्था की।

# दिल्ली–लखनऊ मार्ग पर जल्द मिलेगी ट्रेनों को गति

मुरादाबाद कार्यालय

- **डीआरएम ने प्रेसवार्ता में दी यूपीएस व अन्य कार्यों की जानकारी**



**अमृत विचार:** मंडल रेल प्रबंधक राजकुमार सिंह ने भारत सरकार द्वारा केंद्रीय कर्मचारियों के लाभ के लिए लाई गई एकीकृत पेंशन योजना (यूपीएस) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली-लखनऊ मेन रूट पर ट्रेनों को गति मिल सकेगी। इस रूट पर नई रेललाइन बिछाने की तैयारी है। गाजियाबाद से मुरादाबाद होकर रोजा-सीतापुर के बीच नई रेल लाइन डाली जाएगी। इसके लिए फाइनल लोकेशन सर्वे (एफएलएस) का काम चल रहा है। सर्वे का काम अगले दो महीने में पूरा हो जाएगा। साथ ही रेल मंडल में नई लाइन के लिए डीपीआर बनाने पर भी मंथन चल रहा है। रेलवे जल्द ही देहरादून के पास हर्रावाला को विकसित कराएगा। जिससे 24 कोच की ट्रेन चलाने की योजना को साकार किया जा सके।

सोमवार को डीआरएम राज कुमार सिंह ने अपने कार्यालय में प्रेसवार्ता की। जिसमें उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा जारी की गई यूपीएस योजना का मुरादाबाद रेल मंडल के 13 से 14 हजार कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। मंडल में प्रस्तावित थर्ड-फोर्थ लाइन की चल रही पहल के बीच डीआरएम ने नई लाइन की जानकारी दी। डीआरएम ने बताया कि प्रस्तावित नई रेल लाइन गाजियाबाद-मुरादाबाद-बरेली-रोजा-सीतापुर होकर जाएगी। इसके लिए लोकेशन सर्वे किया जा रहा है। सर्वे का काम अक्टूबर तक पूरा होने की उम्मीद है। इसकी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को भेजी जाएगी। नई रेल लाइन की अनुमानित लागत का आंकलन किया जा रहा है। लाइन की डिटेल प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनाने पर काम चल रहा है। डीपीआर में कुल लागत के सापेक्ष खर्च-आय के संसाधनों पर गौर किया जाएगा। रेल बजट में घोषित देहरादून से सहारनपुर के बीच नई रेल लाइन की आसानी से कनेक्टिविटी के लिए इसे हर्रावाला तक बनाने का प्रस्ताव है। देहरादून में सीमित जगह होने से हर्रावाला को विकसित करने की तैयारी है। लेकिन वहां भू-अधिग्रहण समेत बिंदुओं पर राज्य सरकार से वार्ता भी चल रही है। हर्रावाला के विकसित होने से देहरादून-सहारनपुर प्रोजेक्ट का रास्ता साफ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि दो साल से अमृत भारत योजना में मंडल के कई स्टेशनों को संवारा जा रहा है। अमृत भारत योजना में बिजनौर और धामपुर स्टेशन सबसे पहले संवारे जाएंगे। डीआरएम का कहना है कि यह काम तेजी से चल रहा है। ऋषिकेश-कर्णप्रयाग प्रोजेक्ट की तैयारी और यहां बन रहे कंट्रोल रूम के बारे में भी जानकारी दी। इस मौके पर वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक आदित्य गुप्ता, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी अभिनव, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक विपिन शुक्ला मौजूद रहे।

# अवसर: इंडिया-यूएई व्यापारिक साझेदारी की आधारशिला रखी

संवाददाता, आगरा

- **कॉन्क्लेव के उद्घोषणा समारोह में जुटे औद्योगिक जगत के दिग्गज**

**अमृत विचार:** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के उद्यमियों के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने और व्यापार के नए अवसरों का सृजन करने के उद्देश्य से कॉर्पोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस (सीसीएलए) द्वारा आयोजित होने जा रहे इंडिया-यूएई इकोनॉमिक पार्टनरशिप कॉन्क्लेव का रविवार को होटल जेपी पैलेस एंड कन्वेंशन सेंटर में उद्घोषणा समारोह आयोजित किया गया।

समारोह का दीप प्रज्वलित कर आरंभ मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य, विशिष्ट अतिथि दुबई से पधारे सैय्यद सलाउद्दीन, एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर, फेडरेशन ऑफ पेपर ट्रेडर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, प्रकाश ग्रुप के एमडी राजेश गर्ग, लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल ने संयुक्त रूप से किया। बेबी रानी मौर्य ने कहा कि भारत-यूएई का लक्ष्य द्विपक्षीय व्यापार को 100 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना है। एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर ने कहा कि अप्रैल 2000 से सितंबर 2023 तक 16.67 बिलियन अमेरिकी डॉलर के संचयी एफडीआई प्रवाह के साथ यूएई भारत में 7वां सबसे बड़ा निवेशक रहा है। शिक्षा मंत्रालय के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मुकेश शर्मा, एनएसआईसी के शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सूर्यवंशी, प्रशस्ति स्टूडियो के संस्थापक डॉ. कुमार मनोज, इफ्कोमा के महासचिव दीपक मनचंदा, जीडी गोयनका के प्रो वाईस चेयरमैन संजय अग्रवाल, अप्सा अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने विचार रखे। डॉ. अशोक शर्मा, सुरेश चंद्र गर्ग, राम मोहन कपूर, मुरारी प्रसाद अग्रवाल, कुलदीप ठाकुर, सीएस अनुज अशोक, गजेंद्र सिंह, रोहित जैन, मोहित जैन, विनीत बवानिया, सचिन सारस्वत, ब्रजेश सुतैल, शकुन बंसल, तनय अग्रवाल, अंशुल अग्रवाल, जितेंद्र त्रिलोकानी, असलम सैफी, अतुल शर्मा, मंगल सिंह धांकड़, सचिन शंकर, पंकज अग्रवाल, दिवाकर खिरवार, दिवाकर शर्मा, कमलजीत कौर, वैभव अग्रवाल, तुषार गुप्ता, कमल मंगवानी, डॉ.सुरभि उपाध्याय आदि मौजूद रहीं।

# सफाई कर्मी नहीं आने से उढैर पुख्ता में बजबजा रहीं नालियां

संवाददाता, सोरो जी

**अमृत विचार:** सोरों विकास खंड क्षेत्र का उढैर पुख्ता गांव में नालियां बजबजा रही हैं। जगह-जगह कूड़े-कचरे के ढेर लग गए हैं। जिससे ग्रामीणों को आने जाने में खासी परेशानी हो रही है। ग्रामीण बताते हैं कि सफाई कर्मचारी छह माह में एक बार आता है। जिस कारण गांव की सड़को की नालियां जाम होने से घरों में गंदा पानी भर जाना है। घरों के सामने गंदे पानी से ग्रामीणों को संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका सता रही है। प्रधान भी इसकी अनदेखी कर रहा है।

सोरों ब्लॉक से पांच किलोमीटर दूर उढैर पुख्ता की आबादी लगभग 1200 है। गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। गांव की गलियों और सड़कों के किनारे बनी नालियां देखभाल और सफाई के अभाव में जाम हैं। घरों से निकलने वाला गंदा पानी सडकों और नालियों के बाहर बह रहा है। सड़कें कीचड और दलदल में तब्दील हो गई हैं। जिस कारण लोगों का घर से निकलना दुश्वार है। बच्चे स्कूल जाते समय अक्सर गंदे पानी में गिरकर चौटिल हो रहे हैं। छह माह में एक बार सफाई कर्मी आने से संक्रामक बीमारी फैलने का डर सता रहा है। ग्रामीणों ने बताया गांव की समस्या से कई बार प्रधान और अधिकारियों को अवगत कराया। पांच साल की बात करें तो गांव कोई खास काम नहीं कराया गया है।



गांव की एक गली में कीचड़।

> गांव उढैर पुख्ता की समस्या की जानकारी मिल चुकी है। गांव में साफ सफाई कराने के निर्देश दे दिए गए हैं। जल्द ही गांव की नालियों की साफ सफाई कराकर गंदे पानी से निजात दिलाई जाएगी। **– देवेंद्र सिंह,** डीपीआरओ।



गांव उढैर पुख्ता में पांच साल में कोई विकास कार्य नहीं हुआ है। सड़को पर कीचड भरा पानी बह रहा है। जिससे दिक्कत होगी है। सड़क पर होकर निकलना दूभर है। ग्राम प्रधान इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गांव की समस्या का समाधान करना चाहिए। **–राजवीर भारद्वाज,** ग्रामीण।



गली की सड़कें व नालिया पूरी तरह गंदगी से पटी पड़ी है। बरसात के पानी से जल भराव इतना हो जाता है कि सड़के नालियों से मिल जाती हैं। जिससे स्कूल के बच्चों को गलियों से निकलने में बहुत ही समस्या का सामना करना पड़ता है। **–रुसा अंसारी,** ग्रामीण।



गांव में कोई सफाई कर्मचारी नहीं आता। 6 महीने में सिर्फ एक बार सफाई करा दी जाती है। गांव की मुख्य सड़क गंदगी से पूरी तरह से ग्रसित है। जिससे गांव के लोगों को ही नहीं और भी लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। **–बबलू रघुवंशी,** ग्रामीण।



गांव की स्थिति बद से बदतर है। प्रधान से लेकर प्रशासन तक कोई सुनने वाला नहीं है। उढैर पुख्ता के ग्रामीण नारकीय जीवन जीने को मजबूर हैं। मच्छरो का प्रकोप है। संक्रामक बीमारी फैलने की आशंका सता रही है। प्रशासन इस समस्या से ग्रामीणों को निजात दिलाए। **–संदीप सिंह राघव,** ग्रामीण।

## सार-संक्षेप

### एआईआरएफ का 20 साल का संघर्ष कारगर

**बरेली, अमृत विचार :** नरमू के केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने कहा कि एआईआरएफ के 20 साल के संघर्ष की वजह से यूपीएस लागू हुई है। उन्होंने कहा कि जेसीएम के महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा की अध्यक्षता में दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ प्रतिनिधियों की पुरानी पेंशन बहाली और आठवें वेतन आयोग को लेकर संयुक्त बैठक हुई थी। जिसमें महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा ने प्रधानमंत्री से पुरानी पेंशन लागू करने का आग्रह किया। गठित पेंशन कमेटी ने जो 40 प्रतिशत ही पेंशन दिये जाने की संस्तुति की थी उसे बढ़ाकर 50 प्रतिशत और कम से कम पेंशन दस हजार किये जाने का अनुरोध किया था, जिस पर प्रधानमंत्री ने महामंत्री शिवगोपाल मिश्रा को आश्वस्त किया था। उन्होंने बताया कि अब ओपीएस के स्थान पर यूपीएस नाम देते हुए गारंटेड पेंशन स्कीम एक अप्रैल 2025 से लागू करने की घोषणा की है, जो एआईआरएफ के संघर्ष का परिणाम है। केंद्रीय अध्यक्ष बसंत चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री का आभार प्रकट किया। मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मलिक, मंडल मंत्री कामरान अहमद, सयुंक्त मंडल मंत्री रोहित कुमार, मंडल अध्यक्ष कारखाना परवेज अहमद, मंडल मंत्री कारखाना राम किशोर, आर के पाण्डेय, रईस अहमद, धर्मपाल, अनुराग शुक्ला, मीडिया प्रभारी आरिफ हुसैन, आदि रहे।

### बेहटा गोसाई में जन्माष्टमी मेले का किया आरंभ



**बेहटा गोसाई, अमृत विचार :** बिल्सी क्षेत्र के ग्राम बेहटा गोसाई में जन्माष्टमी मेले का आरंभ साहू गंगासरन गुप्ता ने फीता काट कर किया। अध्यक्ष कृष्ण गोपाल गुप्ता ने बताया कि 27 अगस्त को गांव में कृष्ण जी की पालकी घूमेगी। ठाकुरद्वारा मंदिर, शनि देव मंदिर को सजाने के लिए बाहर से कारीगरों को बुलाया है। चंडीगढ़ से आए कारीगर कई तरह की झांकी तैयार कर रहे हैं। भजनलाल गुप्ता, प्रबंधक राजेश गुप्ता, राजू गुप्ता, रामू गुप्ता, परवीन गुप्ता, योगेश गुप्ता, अखिलेश गुप्ता, अखिलेश आदि लोग मौजूद रहे।

